कुक्कुट पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

कुक्कुट विज्ञान विभाग, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 07-09 अक्टूबर 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में डॉ. आर.के. शर्मा के निर्देशन में एवं प्रशिक्षण निर्देशक डॉ. गिर्राज गोयल के आगुवाई में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के उद्यमिता विकास के अंतर्गत तीन दिवसीय के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 15 ग्रामीण युवाओं ने भागीदारी की एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनदीप शर्मा कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मी चौहान द्वारा किया गया। माननीय कुलपति जी ने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत मुर्गीपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी। माननीय कुलपति महोदय ने प्रशिक्षणार्थियों को छोटे स्तर से मुर्गीपालन को करने के लिए प्रेरित किया और इसे एकीकृत कृषि का एक अभिन्न हिस्सा बताया। प्रशिक्षण के रूप में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मुर्गीपालन से जुड़े सभी विषयों पर विभाग के प्राध्यापकगण द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल शिंदे ने प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण पूर्व एवं पश्चात् मूल्यांकन किया। तीन दिवसीय के इस प्रशिक्षण में मुर्गीपालन के प्रायोगिक कार्य कराए गए एवं प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर